**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**गेल भवन, 16, भीकाजी कामा प्लेस**

**आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110 066**

**दूरभाष: 011-2617 2580; ईमेल -** career@gail.co.in

**कॉर्पोरेट पहचान संख्या:** L40200DL1984GOI018976

---

## विभिन्न विभागों में कॅरियर के अवसर

गेल (इंडिया) लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो कि प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में हरित ऊर्जा गलियारों का चतुर्भुज बनाकर स्वच्छ ईंधन औद्योगीकरण के नए युग का सूत्रपात कर रहा है जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमा पार के अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। देश की नंबर 1 गैस कंपनी गेल विकास, सफलता और सीखने के अवसर एवं अच्छे पारिश्रमिक प्रदान करती है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड देश के विभिन्न राज्यों में स्थित कार्य केंद्रों/ईकाईयों हेतु गैर-कार्यपालक वर्ग में विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। नीचे दी गई **तालिका-I** में प्रत्येक पद के सामने श्रेणी-वार रिक्तियां (बैकलॉग रिक्तियों सहित) निम्नानुसार दर्शाई गई हैं:-

**तालिका - I**

| क्र.सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | निम्नलिखित श्रेणियों में पी.डब्ल्यू.बी.डी. हेतु यथा उपयुक्त चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)<br>(पद कोड - 01) | एस-7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है |
| 2 | कनिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल)<br>(पद कोड - 02) | एस-7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है |
| 3 | फोरमैन (इलेक्ट्रिकल)<br>(पद कोड - 03) | एस-5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है |

| क्र.सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | निम्नलिखित श्रेणियों में पी.डब्ल्यू.बी.डी. हेतु यथा उपयुक्त चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | फोरमैन (इंस्ट्रूमेंटेशन)<br>(पद कोड - 04) | एस-5 | 0 | 0 | 0 | 5 | 9 | 14 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल हैं |
| 5 | फोरमैन (सिविल)<br>(पद कोड - 05) | एस-5 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 6 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 6 | कनिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा)<br>(पद कोड - 06) | एस-5 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 5 | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (क) से (घ) शामिल है। |
| 7 | जूनियर केमिस्ट<br>(पद कोड - 07) | एस-5 | 3 | 0 | 3 | 2 | 0 | 8 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें (ख) से (घ) शामिल है। |
| 8 | कनिष्ठ लेखाकार<br>(पद कोड - 18) | एस-5 | 7 | 1 | 3 | 2 | 1 | 14 | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, बीएल,बीए, सीपी,एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (क) से (घ) शामिल है। |
| 9 | तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)<br>(पद कोड - 08) | एस-3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |

| क्र.सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | निम्नलिखित श्रेणियों में पी.डब्ल्यू.बी.डी. हेतु यथा उपयुक्त चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | ऑपरेटर (केमिकल)<br>(पद कोड - 09) | एस-3 | 31 | 6 | 16 | 15 | 5 | 73 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 11 | तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)<br>(पद कोड - 10) | एस-3 | 21 | 4 | 8 | 6 | 5 | 44 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 12 | तकनीशियन (इंस्ट्रूमेंटेशन)<br>(पद कोड - 11) | एस-3 | 21 | 4 | 12 | 5 | 3 | 45 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 13 | तकनीशियन (मैकेनिकल)<br>(पद कोड - 12) | एस-3 | 19 | 3 | 11 | 4 | 2 | 39 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 14 | तकनीशियन (टेलीकॉम एवं टेलीमेट्री)<br>(पद कोड - 13) | एस-3 | 7 | 1 | 2 | 0 | 1 | 11 | ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (ख) से (घ) शामिल है। |
| 15 | ऑपरेटर (अग्नि)<br>(पद कोड - 14) | एस-3 | 20 | 3 | 7 | 6 | 3 | 39 | पीडब्ल्यूबीडी हेतु अनुपयुक्त |
| 16 | ऑपरेटर (ब्वायलर)<br>(पद कोड - 15) | एस-3 | 5 | 0 | 2 | 1 | 0 | 8 | क) एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एसएलडी<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (क) से (घ) शामिल है। |

| क्र.सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | निम्नलिखित श्रेणियों में पी.डब्ल्यू.बी.डी. हेतु यथा उपयुक्त चिह्नित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | लेखा सहायक<br>(पद कोड - 16) | एस-3 | 6 | 1 | 3 | 2 | 1 | 13 | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (क) से (घ) शामिल है। |
| 18 | व्यापार सहायक<br>(पद कोड - 17) | एस-3 | 30 | 6 | 18 | 7 | 4 | 65 | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, ओएल, ओएएल, बीए, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई, आईडी<br>ड.) एमडी जिसमें उपर्युक्त (क) से (घ) शामिल है। |
| | **कुल** | | **174** | **29** | **89** | **60** | **39** | **391** | |

उपर्युक्त 391 रिक्तियों में से संदर्भित दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित 22 रिक्तियों का श्रेणी-वार और पद-वार विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका-I क

| क्र.सं. | पद | ग्रेड | तालिका-I के अनुसार संदर्भित दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) की चिन्हित श्रेणियों के लिए आरक्षित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **श्रेणी-क** | **श्रेणी-ख** | **श्रेणी-ग** | **श्रेणी-घ एवं ड.** | **कुल पीडब्ल्यूबीडी** |
| 1 | जूनियर केमिस्ट | एस-5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | कनिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा) | एस-5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | कनिष्ठ लेखाकार | एस-5 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | लेखा सहायक | एस-3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| 5 | व्यापार सहायक | एस-3 | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 6 | ऑपरेटर (केमिकल) | एस-3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 7 | तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | एस-3 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 8 | तकनीशियन (इंस्ट्रूमेंटेशन) | एस-3 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 9 | तकनीशियन (मैकेनिकल) | एस-3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| | कुल | | **7** | **6** | **4** | **5** | **22** |

**<u>प्रयुक्त संक्षिप्तियां</u>**

| संक्षिप्तियां | स्पष्टीकरण |
|---|---|
| **पीडब्ल्यूबीडी** | संदर्भित दिव्यांगजन (Persons with Benchmark Disabilities) |
| **बी** | नेत्रहीन (Blind) |
| **एलवी** | कम दृष्टि (Low Vision) |
| **डी** | बधिर (Deaf) |
| **एचएच** | अल्प बधिर (Hard of Hearing) |
| **ओए** | एक हाथ (One Arm) |
| **ओएल** | एक पैर (One Leg) |
| **बीए** | दोनों हाथ (Both Arms) |
| **बीएल** | दोनों पैर (Both Legs) |
| **ओएएल** | एक हाथ और एक पैर (One Arm and one Leg) |
| **सीपी** | मस्तिष्क पक्षाघात (Cerebral Palsy) |
| **एलसी** | कुष्ठ रोग से स्वस्थ (Leprosy Cured) |
| **डीडब्ल्यू** | बौनापन (Dwarfism) |
| **एएवी** | तेजाब हमले के पीड़ित (Acid Attack Victims) |
| **एमडीवाई** | मांसपेशीय कुपोषण (Muscular Dystrophy) |
| **एएसडी** | आत्मकेंद्रित स्पेक्ट्रम विकार (एम = हल्का, एमओडी मध्यम)<br>Autism Spectrum Disorder (M = Mild, MoD Moderate) |
| **आईडी** | बौद्धिक अक्षमता (Intellectual Disability) |
| **एसएलडी** | विशिष्ट सीखने की अक्षमता (Specific Learning Disability) |
| **एमआई** | मानसिक बीमारी (Mental Illness) |
| **एमडी** | बहु दिव्यांगता (Multiple Disability) |

| | |
|---|---|
| **एनसीएल** | नॉन क्रीमी लेयर (Non Creamy Layer) |
| **ईएसएम** | भूतपूर्व सैनिक (Ex-Service Men) |

चिन्हित पद (जैसा कि उपर्युक्त **तालिका-I** में इंगित है) हेतु संबंधित श्रेणी/श्रेणियों के **दिव्यांगजन भी आवेदन कर सकते हैं भले ही उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं हों।** ऐसे अभ्यर्थियों पर चयन / नियुक्ति के लिए सामान्य वर्ग के मानक लागू होंगे।

पीडब्ल्यूबीडी की संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थी, जो विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित पद हेतु आवेदन करते हैं, को आरक्षण / छूट का लाभ प्राप्त होगा, **यदि उनकी निर्दिष्ट अक्षमता 40% से कम नहीं है।**

1. **उपर्युक्त पदों के लिए अनिवार्य योग्यता(ओं), न्यूनतम अनिवार्य अनुभव और ऊपरी आयु सीमा का विवरण नीचे तालिका-II में उल्लेख के अनुसार होंगे:**

**तालिका-II**

| क्र. सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनिवार्य योग्यताएं | न्यूनतम अनिवार्य अनुभव/ प्रत्यय-पत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **कनिष्ठ इंजीनियर (केमिकल)**<br><br>वेतनमान: रु. 35,000-1,38,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अ.ज.जा. श्रेणी के लिए 45 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.ज.जा. के लिए 55 वर्ष | एस-7 | न्यूनतम **60% अंकों** सहित केमिकल / पेट्रोकेमिकल /केमिकल टेक्नोलॉजी/ पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **केमिकल विभाग** में में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **08 (आठ)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 2 | **कनिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल)**<br>वेतनमान: रु.35,000- 1,38,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अ.ज.जा. श्रेणी के लिए 45 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.ज.जा. के लिए 55 वर्ष | एस-7 | न्यूनतम **60% अंकों** सहित मैकेनिकल / प्रोडक्शन/ प्रोडक्शन एवं इंडस्ट्रियल/ मैन्यूफैक्चरिंग / मैकेनिकल एवं ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **मैकेनिकल विभाग** में में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **08 (आठ)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 3 | **फोरमैन (इलेक्ट्रिकल)**<br>वेतनमान: रु.29,000- 1,20,000/-<br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अ.ज.जा. श्रेणी के लिए 33 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.ज.जा. के लिए 43 वर्ष | एस-5 | न्यूनतम **60% अंकों** के साथ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **इलेक्ट्रिकल विभाग** में में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | **फोरमैन (इंस्ट्रूमेंटेशन)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 29,000-1,20,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के लिए 33 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.जा./ अ.ज.जा. के लिए 43 वर्ष | एस-5 | न्यूनतम **60% अंकों** के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग** में में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 5. | **फोरमैन (सिविल)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 29,000-1,20,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित पदों के लिए 28 वर्ष,<br>ओबीसी (एनसीएल) / पीडब्ल्यूबीडी हेतु लागू आयु छूट | एस-5 | न्यूनतम **60% अंकों** के साथ सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **सिविल विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 6 | **कनिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 29,000-1,20,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित पदों के लिए 28 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-5 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ 03 वर्ष की अवधि की **हिंदी साहित्य/ हिन्दी में** स्नातक डिग्री तथा स्नातक में **अंग्रेजी** एक विषय होना चाहिए।<br><br>स्नातक डिग्री प्रमाण पत्र में **"हिन्दी साहित्य / हिन्दी"** स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।<br><br>अभ्यर्थी को कार्यालय परिवेश में कंप्यूटर एप्लीकेशनों (एमएस ऑफिस आदि) का बुनियादी ज्ञान और कौशल होना चाहिए। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र / उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में योग्यता पश्चात् **विभिन्न रिपोर्टों, दस्तावेजों, पत्रों** आदि का **अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद और हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद** का न्यूनतम **03 (तीन)** वर्ष का अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | **जूनियर केमिस्ट**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 29,000-1,20,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित पदों के लिए 28 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-5 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ केमिस्ट्री में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि की स्नातकोत्तर डिग्री (एम.एससी.) | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 8 | **कनिष्ठ लेखाकार**<br>वेतनमान:<br>रु. 29,000-1,20,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित / इडब्ल्यूएस पदों के लिए 28 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-5 | सीए/आईसीडब्ल्यूए में इंटरमीडिएट अथवा उसके समकक्ष<br><br>**अथवा**<br><br>न्यूनतम **60% अंकों** के साथ वाणिज्य में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि की स्नातकोत्तर डिग्री (एम.कॉम.)<br>अभ्यर्थी को कार्यालय परिवेश में पर्सनल कंप्यूटर के प्रचालन में प्रवीण होना चाहिए तथा उसके पास कंप्यूटर एप्लीकेशनों (एमएस ऑफिस आदि) का बुनियादी ज्ञान और कौशल होना चाहिए। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **वित्त/लेखा विभागों** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 9 | **तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अ.जा. श्रेणी के लिए 31 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.जा. के लिए 41 वर्ष | एस-3 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि का साइन्स में स्नातक डिग्री (बी.एससी.) (केमिस्ट्री सहित) | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेट्री** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 10 | **ऑपरेटर (केमिकल)**<br><br>वेतनमान:<br>रु.24,500-90,000/- | एस-3 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथेमेटिक्स विषयों के | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ऊपरी आयु सीमा: अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष, ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | | साथ न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का साइन्स में स्नातक डिग्री (बी.एससी.)<br>**अथवा**<br>न्यूनतम **55% अंकों** के साथ केमिस्ट्री में न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का बी.एससी (ऑनर्स)। | **केमिकल विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 11 | **तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)**<br>वेतनमान: रु.24,500-90,000/-<br>ऊपरी आयु सीमा: अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष, ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | मेट्रिक पास के साथ इलेक्ट्रिकल/ वायरमैन ट्रेड में आईटीआई ट्रेडमैनशिप/ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **इलेक्ट्रिकल विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 12 | **तकनीशियन (इंस्ट्रूमेंटेशन)**<br>वेतनमान: रु. 24,500-90,000/-<br>ऊपरी आयु सीमा: अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष, ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | मेट्रिक पास के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन ट्रेड में आईटीआई ट्रेडमैनशिप/ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 13 | **तकनीशियन (मैकेनिकल)**<br>वेतनमान: रु. 24,500-90,000/-<br>ऊपरी आयु सीमा: अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष, ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | मेट्रिक पास के साथ फिटर/डीज़ल मेकेनिक/ मेकेनिस्ट/ टर्नर ट्रेड में आईटीआई ट्रेडमैनशिप/ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **मैकेनिकल विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | **तकनीशियन (टेलीकॉम एवं टेलीमेट्री)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | मेट्रिक पास के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स/ दूरसंचार ट्रेड में आईटीआई ट्रेडमैनशिप / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **टेलीकॉम / टेलीमेट्री विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 15 | **ऑपरेटर (अग्नि)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित / ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा. श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | न्यूनतम 06 माह के फायरमैन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सहित 10+2 तथा इसके समकक्ष। भारी वाहन/फयर टेंडर के लिए ड्राइविंग लाइसेंस; पंप/अन्य अग्निशमन उपकरण चलाने में दक्षता। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **अग्नि एवं संरक्षा विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **02 (दो)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 16 | **ऑपरेटर (ब्वायलर)**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित पदों के लिए 26 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा. /पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | मेट्रिक पास के साथ आईटीआई ट्रेडमैनशिप/ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र तथा द्वितीय श्रेणी का ब्वायलर एटेंडेन्ट दक्षता प्रमाण पत्र<br>**अथवा**<br>न्यूनतम 55 अंकों के साथ फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा मैथेमेटिक्स विषयों के साथ साइन्स में स्नातक डिग्री (बी.एससी.) तथा द्वितीय श्रेणी का ब्वायलर एटेंडेन्ट दक्षता प्रमाण पत्र | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संस्थान(नों)/ उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी(कंपनियों) में उस सयंत्र/ उपक्रम/ संगठन के कार्मिक के रूप में **द्वितीय श्रेणी का ब्वायलर एटेंडेन्ट दक्षता प्रमाण पत्र की प्राप्ति के पश्चात ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स ऑफ ब्वायलर** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | **लेखा सहायक**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ वाणिज्य (बी.कॉम) में न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि की स्नातक डिग्री।<br><br>अभ्यर्थी को कार्यालय परिवेश में कंप्यूटर एप्लीकेशनों (एमएस ऑफिस-एक्सेल, पॉवर प्वाइंट, वर्ड आदि) का बुनियादी ज्ञान और कौशल होना चाहिए। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों) /संस्थान(नों) उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों) /संस्थान(नों) /कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र/ उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **वित्त / लेखा विभाग** में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |
| 18 | **व्यापार सहायक**<br><br>वेतनमान:<br>रु. 24,500-90,000/-<br><br>ऊपरी आयु सीमा:<br>अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस पदों के लिए 26 वर्ष,<br>ओबीसी(एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए लागू आयु छूट | एस-3 | न्यूनतम **55% अंकों** के साथ व्यवसाय प्रशासन (बीबीए/बीबीएस/ बीबीएम) में न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि की स्नातक डिग्री।<br>अभ्यर्थी को कार्यालय परिवेश में कंप्यूटर एप्लीकेशनों (एमएस ऑफिस-एक्सेल, पॉवर प्वाइंट, वर्ड आदि) का बुनियादी ज्ञान और कौशल होना चाहिए। | राज्य/ केन्द्रीय सरकार के विभाग(गों)/ संगठन(नों)/ उपक्रम(मों)/ और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन(नों)/ संस्थान(नों)/ कंपनी(कंपनियों) में उस संयंत्र/ उपक्रम / संगठन के कार्मिक के रूप में **मानव संसाधन / वित्त / लेखा /संविदा एवं प्रापण/क्रय/भंडार/प्रशासन/लिपिकीय/सचिवीय/विपणन** क्षेत्र में योग्यता पश्चात् न्यूनतम **01 (एक)** वर्ष का इन-लाइन अनुभव। |

**2. अनिवार्य योग्यता(ओं) और अनिवार्य अनुभव के संबंध में नियम एवं शर्तें [जैसा कि तालिका-II के संबंधित कॉलम में उल्लेख किया गया है।]**

**2.1** प्रत्येक पद के सामने अपेक्षित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता **तालिका-II** में उल्लिखित है। किसी भी क्षेत्र में ज्ञान/कौशल/दक्षता का मूल्यांकन कंप्यूटर दक्षता टेस्ट/ट्रेड टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा।

**2.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम ही मान्य होंगे।**

**2.3 राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) जहां भी लागू हो, संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए।**

**2.4** सभी अनिवार्य योग्यता(एं) यूजीसी से मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / यूजीसी से मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित सांविधिक परिषद (जहां लागू हो) से एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम से होनी

चाहिए। निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखने के किसी भी दावे (भूतपूर्व सैनिकों को छोड़कर) पर विचार नहीं किया जाएगा।

**2.5** योग्यता में समकक्षता का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को समकक्षता प्रमाणपत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

**2.6** विशेष पदों के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **अधिसूचित आवश्यक योग्यता** [पूर्णकालिक मोड में] **से** अधिक **योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों** (उपर्युक्त तालिका-II का संदर्भ लें) को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा:

| ***क्र.सं.*** | **तालिका - II** में उल्लिखित पद | ***योग्यता जिसके कारण पद के लिए अयोग्य माना जाएगा।*** |
|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ इंजीनियर (केमिकल), कनिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल), फोरमैन (इलेक्ट्रिकल), फोरमैन (इंस्ट्रूमेंटेशन) तथा फोरमैन (सिविल) | *बीई / बी.टेक* |
| 2 | *कनिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा)* | *स्नातकोत्तर / पीएचडी* |
| 3 | जूनियर केमिस्ट | *पीएचडी* |
| 4 | कनिष्ठ लेखाकार | *सीए/ आईसीडब्ल्यूए/ एमबीए/ पीजीडीएम/ पीएचडी* |
| 5 | तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) | *एम.एससी./पीएचडी* |
| 6 | ऑपरेटर (केमिकल) | *एम.एससी./बी.ई. / बी.टेक* |
| 7 | तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), तकनीशियन (इंस्ट्रूमेंटेशन), तकनीशियन (मैकेनिकल) और तकनीशियन (टेलिकाम एवं टेलिमेट्री) | *इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और / अथवा बी.ई. / बी.टेक* |
| 8 | ऑपरेटर (अग्नि) | *इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और / अथवा स्नातक डिग्री / बी.ई. / बी.टेक* |
| 9 | ऑपरेटर (ब्वायलर) | *इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और / अथवा बी.ई. / बी.टेक और / अथवा एम.एससी.* |
| 10 | लेखा सहायक | *सीए/ आईसीडब्ल्यूए/सीए (इंटर) / आईसीडब्ल्यूएआई(इंटर) / एमबीए/ पीजीडीएम/ एम.कॉम.* |
| 11 | व्यापार सहायक | *स्नातकोत्तर / बी.ई. / बी.टेक/ एमबीए/ पीजीडीएम* |

***उच्चतर योग्यता धारण/ प्राप्त करने संबंधी जानकारी को छिपाने वाले अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर विचार हेतु अयोग्य माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, आवेदन पत्र में कोई झूठी सूचना प्रस्तुत करने अथवा किसी तथ्यात्मक सूचना को छिपाने की स्थिति में भी किन्हीं अपरिहार्य कारणों से यदि भर्ती हो जाती है तो गेल (इंडिया) लिमिटेड को इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त होने पर रोजगार के दौरान किसी भी समय उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।***

**2.7** आवश्यक योग्यता (योग्यताओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमों/मानदंडों के अनुसार माना जाएगा।

**2.8** जहां-कहीं सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई या डिग्री में लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समकक्ष प्रतिशत का इंगित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के समय मांग किए जाने पर संस्थान/विश्वविद्यालय से इस आशय का दस्तावेजी प्रमाण/प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**2.9** राज्य/केंद्र सरकार के विभागों/संस्थानों/उपक्रमों और/या निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/प्रतिष्ठित कंपनी (कंपनियों) में दिनांक **07.09.2024** को (फोरमैन (प्रशिक्षु)/डिप्लोमा इंजीनियर प्रशिक्षु (डीईटी) के रूप में **न्यूनतम आवश्यक पद योग्यता अनुभव पूर्णकालिक होना चाहिए।**

**2.10** राज्य/केन्द्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/अथवा निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन**(नों)**/संस्थान(नों)/कंपनी(यों)/प्रतिष्ठित सीए/लागत लेखांकन फर्म/बड़े विधि फर्म से संबंधित उद्योग में पद हेतु यथा निर्धारित अभ्यर्थियों के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि (अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 के अनुसार) की अपेक्षित योग्यता पश्चात् न्यूनतम अनिवार्य अनुभव के मानदंड की तुलना में अनुभव के रूप में माना जाएगा, बशर्ते कि अभ्यर्थी नियम और शर्तों के अनुरूप अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो। प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पूरा करने के प्रमाण के रूप में उम्मीदवारों को सांविधिक निकाय और प्रशिक्षण संगठन दोनों द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। हालांकि**, पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में प्राप्त औद्योगिक/व्यावसायिक/आर्टिकलशिप प्रशिक्षण को न्यूनतम आवश्यक अनुभव मानदंडों के लिए मान्य नहीं होगा।**

**2.11**

**क. उपर्युक्त तालिका-II में क्र.सं. 1 से 18 के पदों के लिए**: अभ्यर्थी जिन्हें किसी राज्य/केंद्र सरकार के विभाग(गों)/संगठन(नों)/उपक्रम(मों) और/या प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के बड़े संगठन(नों)/संस्थान(नों)/कंपनी (कंपनियों) में निश्चित अवधि के आधार पर रोजगार सहित प्रत्यक्ष कार्य अनुभव ही मान्य होगा।

**ख.** प्रतिष्ठित कंपनी का मानदंड निम्नलिखित सहकारी समितियों अर्थात मैसर्स प्रोग्रेसिव टेक्निकल वर्कर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, मैसर्स एलाइड सर्विसेज वर्कर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, वाघोडिया, मैसर्स वशिष्ठ टेक्नो एंड नॉन-टेक्नो क्राफ्ट्स लेबर कॉन्ट्रैक्ट्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, राजमंड्री के सदस्यों पर लागू नहीं होगा। **हालांकि,** नियम / शर्तों में यह छूट **किसी** भी **अन्य सहकारी समिति के सदस्यों के लिए लागू नहीं** होगी**।**

**ग. निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन/संस्थान/कंपनी में सूचीबद्ध कंपनियां** (जिसका तात्पर्य **एनएससी अथवा बीएसई के ग्रुप ए एव बी** पर सूचीबद्ध कंपनियों सहित) अथवा प्रासंगिक वर्ष में **500 से अधिक कार्मिक वाले** संगठन/संस्थान अथवा प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में **250 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक कारोबार** वाले संगठन/संस्थान शामिल होंगे।

**3. अनिवार्य शैक्षिक योग्यता(ओं) हेतु अंकों के न्यूनतम क्वालिफाइंग प्रतिशत में प्रदत्त छूट**

अ.जा./अ.ज.जा. एवं पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम योग्यता प्रतिशत में निम्नानुसार छूट प्रदान की गई है:-

3.1 **अनिवार्य योग्यता (तालिका-II का संदर्भ लें) के अंतर्गत अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अंकों का उल्लेख किया गया है। हालांकि, अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों लिए 5% छूट दी जाएगी, यदि इन श्रेणियों के लिए रिक्त पद उपलब्ध हों।**

3.2 **अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों पर** सामान्य मेरिट के मानक लागू होंगे तथा योग्यता में अंकों के **न्यूनतम योग्यता प्रतिशत में उनको छूट नहीं दी जाएगी।**

**4. ऊपरी आयु सीमा एवं आयु में छूट**

4.1 उपर्युक्त **तालिका-II** में निर्दिष्ट की गई ऊपरी आयु सीमा को दिनांक 07.09.2024 के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

*नीचे **तालिका-III** में यथा लागू उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा में छूट अ.जा/अ.ज.जा./ओबीसी(एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों के संबंध में प्रदान की जाएगी।*

**<u>तालिका-III</u>**

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **आयु में लागू छूट (वर्ष में)** |
|---|---|---|
| 1 | अ.जा./अ.ज.जा. | 5 |
| 2 | ओबीसी (एनसीएल) | 3 |
| 3 | पीडब्ल्यूबीडी-सामान्य/ईडब्ल्यूएस | 10 |
| 4 | पीडब्ल्यूबीडी-ओबीसी (एनसीएल) | 13 |
| 5 | पीडब्ल्यूबीडी- अ.जा./अ.ज.जा. | 15 |

4.2 **पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों की आयु सीमा में लागू छूट प्रदान की जाएगी चाहे पद आरक्षित हों या नहीं**, बशर्ते पद संबंधित पीडब्ल्यूडी के लिए चिन्हित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त हो। **इस संबंध में पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए किसी भी प्रकार की छूट भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार होंगी।**

4.3 **उल्लिखित अनारक्षित (यूआर) पद** के लिए आवेदन करने वाले **अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी** के अभ्यर्थियों पर मेरिट के **सामान्य मानक** लागू होंगे तथा ऊपरी आयु सीमा में उन्हें कोई छूट नहीं दी जाएगी।

4.4 भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ के सशस्त्र सैन्य बलों में **छः माह या उससे अधिक की** निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी-वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और **यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है** तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

**4.5** को-ऑपरेटिव सोसाइटियों अर्थात मैसर्स-प्रोग्रेसिव टेक्नीकल वर्कर्स कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, मैसर्स एलाईड सर्विसेज वर्कर्स कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, वाघोडिया, मैसर्स वशिष्ठा टेक्नो एवं नॉन टेक्नो क्राफ्ट्स लेबर कांट्रेक्ट्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, राजमंड्री के सदस्यों एवं गेल के विभिन्न स्थानों के परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को अधिकतम आयु सीमा में छूट इस शर्त के साथ दी जाएगी कि वे इससे संबंधित दस्तावेज की सत्य प्रति जमा करेंगे, बशर्ते इसे सही पाया जाए।

**4.6 आयु में समस्त संभावित छूटों को शामिल करते हुए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

## 5. परिलब्धियां

**5.1** विभिन्न ग्रेडों के पद(पदों) हेतु चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा तथा उन्हें नीचे **तालिका-IV** में यथा उल्लिखित संबंधित वेतनमान में आरंभिक मूल वेतन प्राप्त होगा:-

**तालिका-IV**

| ग्रेड | वेतनमान | आरंभिक मूल वेतन |
|---|---|---|
| एस-7 | रु. 35,000-1,38,000/- | रु. 35,000/- |
| एस-5 | रु. 29,000-1,20,000/- | रु. 29,000/- |
| एस-3 | रु. 24,500-90,000/- | रु. 24,500/- |

**5.2 वेतन एवं भत्ते:** ग्रेड में यथा लागू मूल वेतन, लागू दरों पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते (वीडीए) तथा कैफेटीरिया नीति के तहत अनुलब्धियां एवं भत्ते। **पदभार ग्रहण करने वाले किसी भी उम्मीदवार को किसी भी प्रकार की वेतन निर्धारण में सुरक्षा नहीं दी जाएगी।**

**5.3 परिवर्तनीय वेतन:** व्यक्तिगत और संगठनात्मक कार्य-निष्पादन के आधार पर कार्य निष्पादन से संबंधित वेतन।

**5.4 अन्य लाभ:** कंपनी के नियमानुसार कंपनी आवास/लीज पर आवास/मकान किराया भत्ता, चिकित्सा सुविधा, समूह बीमा, आवास निर्माण अग्रिम, वाहन अग्रिम, आदि।

**5.5 सेवानिवृत्ति लाभ:** निर्धारित अंशदायी योजना के तहत अपेक्षित नियम एवं शर्तों को पूरा करने पर कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि, उपदान और पेंशन के पात्र होंगे। इसके अलावा, निर्धारित अंशदायी योजना के तहत सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ उन लोगों को दिया जाएगा जो न्यूनतम 15 वर्ष की निरंतर सेवा प्रदान करने के बाद गेल से सेवानिवृत्त होंगे।

**5.6** उपर्युक्त सभी लाभ समय-समय पर यथा संशोधित और कंपनी की नीति द्वारा नियंत्रित होंगे।

## 6. तैनाती/ सौंपे गए कार्य

चयनित अभ्यर्थी गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी संस्थापनों/परियोजनाओं/कार्यालयों आदि में अथवा गेल (इंडिया) लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम में तैनात किए जा सकते हैं अथवा भारत सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों के किसी भी विभाग

में प्रतिनियुक्त किए जा सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को शिफ्ट प्रचालनों सहित कंपनी की कारोबारी अपेक्षाओं के अनुसार जॉब्स/फंक्शन/कार्य सौंपे जा सकते हैं।

## 7. आवेदन शुल्क

7.1 पद हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने के समय **सामान्य, ईडब्ल्यूएस तथा ओबीसी (एनसीएल)** श्रेणी **के** अभ्यर्थियों को **रु.50/-** (पचास रुपए मात्र) के **अप्रतिदेय** आवेदन शुल्क (लागू सुविधा प्रभार और कर को छोड़कर) का भुगतान करना अपेक्षित है।

7.2 एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क **न तो** किसी भी कारण से **वापस किया जाएगा** और न ही यह शुल्क गेल (इंडिया) लिमिटेड में भविष्य की किसी भी परीक्षा/चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

7.3 **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है,** जो आगे की चयन प्रक्रिया के समय भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की सत्य प्रति प्रस्तुत करने के अधीन है।

## 8. आवेदन कैसे करें

**8.1** अभ्यर्थी को गेल की वेबसाइट (https://gailonline.com/CRApplyingGail.html) **के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित होगा।** आवेदन का कोई अन्य साधन/मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस हेतु आवेदन पोर्टल **दिनांक 08.08.2024 को 1100 बजे** से **दिनांक 07.09.2024 को 1800 बजे** तक खुला रहेगा।

**8.2** अभ्यर्थी **केवल एक पद** के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन के मामले में, इस विज्ञापन के उद्देश्य के लिए अंतिम जमा आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। इस संबंध में आगे किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**8.3** ऑनलाइन पंजीकरण/ आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया से संबंधित **विस्तृत निर्देशों** को पढ़ने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए:

(i) वैध ई-मेल पता और मोबाइल नं.

(ii) अभ्यर्थी द्वारा हाल ही में खींचे गए स्व-अनुप्रमाणित पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ **(3.5 X 4.5 सें.मी.)** की स्कैन की गई प्रति। फाइल का आकार केवल .Jpg/.jpeg फार्मेट में अधिकतम 50 से 100 केबी तक होना चाहिए।

(iii) अभ्यर्थी के हस्ताक्षर की स्कैन प्रति। फाइल का आकार केवल.Jpg/.jpeg फार्मेट में अधिकतम 50 से 100 केबी तक होना चाहिए।

(iv) ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए अपेक्षित डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड /नेट बैंकिंग /यूपीआई /वालेट का विवरण

8.4 ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात्, अभ्यर्थी को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम सृजित आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा।

8.5 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फार्म जमा करने से पहले किसी भी स्तर पर जानकारी को संशोधित कर सकते हैं। **चूंकि एक बार फॉर्म जमा हो जाने के बाद इसे संशोधित नहीं किया जा सकता है,** अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन फार्म जमा करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से देख लें।

8.6 इसके लिए आवेदन पत्र जमा करने की चरण दर चरण प्रक्रिया नीचे दी गई है:

i) गेल वेबसाइट पर जाएं और वेबसाइट के करियर खंड में दिए गए लिंक "ऑनलाइन आवेदन करें" पर क्लिक करें। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी विशेष पद के लिए आवेदन करने से पहले विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें।

ii) महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें और 'मैं सहमत हूं' बटन पर (√) क्लिक करें।

iii) आवश्यक विवरण (आवेदित पद, नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी) भरकर रजिस्टर करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें।

iv) अपने ई-मेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त आवेदन यूजर आईडी और पासवर्ड की जांच करें।

v) ई-मेल और मोबाइल नंबर के माध्यम से प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करके अपने एकाउंट में फिर से लॉगिन करें।

vi) आवेदन पत्र भरें एवं उपर्युक्त बिन्दु सं. 8.3 पर दिए गए विनिर्देशों के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

vii) आवेदन पत्र का अवलोकन करें और यदि कोई सुधार हो, तो उसे ठीक करें।

viii) सबमिट बटन दबाएं।

ix) डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई/वॉलेट (यदि लागू हो) के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करें। शुल्क के भुगतान के लिए विस्तृत अनुदेशों के लिए उपर्युक्त बिन्दु संख्या 7 देखें।

x) भविष्य में उपयोग के लिए आवेदन पत्र (जिसमें यूनीक क्रम संख्या प्रदर्शित हो रही हो) को सेव करें एवं सुरक्षित रखें।

8.7 **अभ्यर्थियों को इस चरण में गेल को आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

8.8 अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने पर उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए डाउनलोड किए गए आवेदन-पत्र को विधिवत **स्व-अनुप्रमाणित** सभी मूल दस्तावेजों की फोटो प्रति के एक अलग सेट सहित (उसी क्रम में) **सभी मूल दस्तावेजों** [नीचे दिए गए क्रम में] को साथ लाना होगा, अन्यथा उसे आगे की चयन प्रक्रिया में **शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी:**

(i) हाल ही में खींचे गए पासपोर्ट आकार के 02 फोटोग्राफ (जैसा कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर अपलोड की गई हो) के साथ विधिवत हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट।

(ii) जन्म-तिथि प्रमाण के समर्थन में दस्तावेज - मैट्रिक/ कक्षा-X प्रमाण-पत्र/ अंक-तालिका।

(iii) भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया केटेगरी प्रमाण-पत्र [लागू अनुसार अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) /ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए]। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र [पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में] और भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (पूर्व सैनिकों के उम्मीदवारों के मामले में)। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों को नवीनतम जाति / श्रेणी प्रमाण-पत्र जमा करना आवश्यक है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए वैध होना चाहिए और वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए आय और संपत्ति सत्यापन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

(iv) योग्यता के संबंध में सभी प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र (मैट्रिक से शुरू होकर डिग्री और डिप्लोमा से संबंधित सभी सेमेस्टर / वर्ष-वार अंक तालिका / प्रमाण-पत्र) संस्थान/ विश्वविद्यालय से दस्तावेजी प्रमाण/ प्रमाण-पत्र (विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार) समकक्ष दर्शाते हुए सीजीपीए/ ओजीपीए/ डीजीपीए/सीपीआई या पत्र-शीर्ष ग्रेड में डिग्री दिए जाने की स्थिति में प्राप्त अंकों का प्रतिशत।

(v) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अभ्यर्थी द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी अनुसार धारित पद, सेवा की अवधि तथा निष्पादित कार्य को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करने वाले पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज।

(vi) अनुभव के लिए केवल निम्नलिखित प्रकार के दस्तावेजी प्रमाणों पर ही विचार किया जाएगा:

**क) पिछले रोजगार हेतु:**

- संगठन के सक्षम और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी अनुभव-पत्र/ सेवा प्रमाण-पत्र जिसमें नाम, पदनाम, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि शामिल है, जिसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा संगठन को कार्यमुक्त करने की तिथि और संगठन में भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने वाला कोई दस्तावेज शामिल हो, **और**

- निम्नलिखित में से कोई दो दस्तावेज:
  क. अंतिम वेतन पर्ची/ वेतन पर्ची
  ख. वार्षिक वेतन-वृद्धि पत्र
  ग. पदोन्नति आदेश/स्थानांतरण आदेश

घ. पीएफ विवरण जिसमें स्पष्ट रूप से नियोक्ता के विवरण का उल्लेख हो।

ड. प्रस्ताव-पत्र/ नियुक्ति-पत्र जिसमें रोजगार की नियम एवं शर्तों के साथ संगठन में शामिल होने की तारीख का स्पष्ट उल्लेख हो।

**ख) वर्तमान रोजगार हेतु:**

- नवीनतम वेतन पर्ची/वेतन पर्ची और संगठन में भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने वाले किसी भी दस्तावेज के साथ रोजगार की नियम एवं शर्तों के साथ संगठन में शामिल होने की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए प्रस्ताव-पत्र/ नियुक्ति-पत्र, **और**

- निम्नलिखित में से कोई दो दस्तावेज:

क. वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान-पत्र

ख. वार्षिक वेतन-वृद्धि पत्र

ग. पदोन्नति आदेश/ स्थानांतरण आदेश आदि।

घ. पीएफ विवरण जिसमें स्पष्ट रूप से नियोक्ता के विवरण का उल्लेख हो।

ङ. संगठन के सक्षम और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव-पत्र स्पष्ट रूप से पदनाम और संगठन में शामिल होने की तारीख को दर्शाता हो।

**ग) निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े संगठन/ संस्थान/ कंपनी के साथ अनुभव के मामले में दस्तावेजी प्रमाण:**

- उस प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में एनएसई पर संगठन/कंपनी/संस्थान को सूचीबद्ध करने **या** बीएसई के ग्रुप ए और बी में सूचीबद्ध होने के लिए दस्तावेजी प्रमाण **या**
- संबंधित संगठन में प्रासंगिक वर्ष में **500 से अधिक नियमित कर्मचारी** होने का प्रमाण (दस्तावेज जो स्वीकार किए जा सकते हैं)
  - प्रासंगिक वर्ष की लेखापरीक्षित/ प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट **या**
  - 500 से अधिक नियमित कर्मचारियों के संबंध में मानव संसाधन विभाग से प्रमाणन **या**
  - किसी भी प्रासंगिक वर्ष के लिए कंपनी की वेबसाइट पर घोषणा
- प्रासंगिक वित्तीय वर्ष में 250 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक कारोबार होने का प्रमाण। (दस्तावेज जिन्हें स्वीकार किए जा सकते हैं)
  - प्रकाशित/ लेखापरीक्षित वार्षिक रिपोर्ट में प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए टर्नओवर का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है **या**
  - प्रासंगिक वित्तीय वर्ष का प्रकाशित/लेखापरीक्षित लाभ एवं हानि का विवरण **या**
  - कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) से प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए टर्नओवर का उल्लेख करने वाली रिपोर्ट, **या**
  - संगठन द्वारा अपने पत्र-शीर्ष पर जारी प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए टर्नओवर प्रमाण- पत्र।

*__उपर्युक्त खंड 8.8 (vi) के तहत उल्लिखित दस्तावेजों__ के अभाव में, ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता खारिज कर दी जाएगी। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि मानव संसाधन या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी बड़े निजी क्षेत्र या प्रतिष्ठित कंपनी के संबंध में अनुभव-पत्र/ प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले प्राधिकारी के नाम और पदनाम के साथ विधिवत हस्ताक्षर किए गए हैं।*

(vii) यदि अभ्यर्थी केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्र/ राज्य पीएसयू या अर्ध-सरकारी संगठन में नियोजित है तो वर्तमान नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ अग्रेषण-पत्र।** ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा जिन्होंने दस्तावेज़ सत्यापन के समय **अनापत्ति प्रमाण पत्र** प्रस्तुत नहीं किए हैं।

(viii) **वैध आईडी प्रमाण:** पैन कार्ड/ वोटर आईडी/ आधार कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस आदि।

(ix) **अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ऊपर उल्लिखित सभी दस्तावेजों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय साथ लाएँ। ऊपर उल्लिखित किसी भी आवश्यक दस्तावेज को जमा करने में अभ्यर्थी की विफलता की स्थिति में, ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।**

(x) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों/ पात्रता के संबंध में किसी भी संदेह/ स्पष्टीकरण के मामले में, **गेल को अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने का अधिकार होगा, जिन्हें अभ्यर्थी को प्रस्तुत करना होगा।** इसे प्रस्तुत करने में विफल रहने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

**8.9** फोटो की **तीन** प्रतियां (जैसा कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर अपलोड की गई हो) भविष्य के उपयोग के लिए रखी जाएं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक वे अपना रूप न बदलें।

**8.10** प्रश्न / स्पष्टीकरण / कठिनाई यदि कोई हों, तो उन्हें ऑनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल पर उपलब्ध **हेल्प-डेस्क** टैब पर प्रस्तुत करें।

**9.** **स्वास्थ्य/ चिकित्सा योग्यता**

**9.1** उपर्युक्त पदों के लिए नियुक्ति, कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार, अभ्यर्थी के चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने के अध्यधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल नामित पैनलबद्ध अस्पतालों में अपनी रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच करवानी होगी, और उन्हें चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् अध्यक्ष चिकित्सा बोर्ड या सिविल सर्जन या मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल के समकक्ष (न्यूनतम जिला स्तरीय अस्पताल) या गेल द्वारा नामित अस्पताल द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों में मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र जारी करने और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गेल (इंडिया)

लिमिटेड द्वारा उसे स्वीकार किए जाने के अध्यधीन होगी। गेल को बिना कोई कारण बताए अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत मेडिकल जांच रिपोर्ट की पुन: जांच या समीक्षा करने का अधिकार होगा और गेल द्वारा विनिर्दिष्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**9.2** अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे गेल के पूर्व-रोजगार चिकित्सा मानक के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे गेल करियर वेबसाइट (https://gailonline.com/CR-current_SC_form_medical.html) पर उपलब्ध चिकित्सा स्वस्थता और पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा के लिए चिकित्सा मानकों/मानदंडों पर विस्तृत दिशा-निर्देश देखें।

**10. <u>चयन प्रक्रिया</u>**

10.1 समस्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों (ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर) पर ही आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा। समस्त मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर, अभ्यर्थियों को एकल चरणीय/ बहु चरणीय चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, गेल (इंडिया) लिमिटेड न्यूनतम पात्रता मानकों में उपयुक्त रूप से वृद्धि कर उचित संख्या में चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए शॉर्टलिस्टिंग मानदंड को अपनाएगा।

10.2 शॉर्टलिस्ट और चयन अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण के आधार पर होगा, अत: यह आवश्यक है कि आवेदकों द्वारा सटीक, पूर्ण और सही जानकारी दी जाए। गलत/ असत्य जानकारी प्रस्तुत करने को अयोग्यता माना जाएगा और ऐसी गलत/ असत्य जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड जिम्मेदार नहीं होगा।

10.3 ऑनलाइन एप्लीकेशन डेटा के आधार पर केवल पात्र पाये जाने वाले शॉर्ट-लिस्टेड अभ्यर्थियों को ही आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 120 दिनों के भीतर कोई संचार प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाए कि आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उसे शॉर्ट-लिस्टेड नहीं किया गया है।

10.4 भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने झूठी अथवा गलत सूचना प्रस्तुत की है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और ऐसे अभ्यर्थी को यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

10.5 ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और किसी भी बदलाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10.6 कृपया नोट करें कि काल्पनिक/छद्म नाम/ ई-मेल आईडी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करना सख्त वर्जित है। ऐसे तरीकों को अपनाने वाला कोई भी अभ्यर्थी आईटी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत उपयुक्त कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

**10.7 चयन पद्धतिः**

निम्न **तालिका-V** में उल्लिखित पदों के लिए निम्नलिखित चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी:

**<u>तालिका-V</u>**

| क्र.सं. | पद का नाम | श्रेणी | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ इंजीनियर (केमिकल) | एस-7 | संबंधित विषय में लिखित परीक्षा और/या ट्रेड टेस्ट |
| 2 | कनिष्ठ इंजीनियर (मैकेनिकल) | एस-7 | |
| 3 | फोरमैन (इलेक्ट्रिकल) | एस-5 | संबंधित विषय में लिखित परीक्षा और/या ट्रेड टेस्ट |
| 4 | फोरमैन (इंस्ट्रूमेंटेशन) | एस-5 | |
| 5 | फोरमैन (सिविल) | एस-5 | |
| 6 | कनिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा) | एस-5 | लिखित परीक्षा और/या कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा और/या अनुवाद परीक्षा] |
| 7 | कनिष्ठ लेखाकार | एस-5 | लिखित परीक्षा और/या कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा |
| 8 | जूनियर केमिस्ट | एस-5 | संबंधित विषय में लिखित परीक्षा और/या ट्रेड टेस्ट |
| 9 | तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) | एस-3 | संबंधित विषय में लिखित परीक्षा और/या ट्रेड टेस्ट |
| 10 | ऑपरेटर (केमिकल) | एस-3 | |
| 11 | तकनीशियन – इलेक्ट्रिकल | एस-3 | |
| 12 | तकनीशियन– इंस्ट्रुमेंटेशन | एस-3 | |
| 13 | तकनीशियन- मैकेनिकल | एस-3 | |
| 14 | तकनीशियन (टेलीकॉम / टेलीमेट्री) | एस-3 | |
| 15 | ऑपरेटर (ब्वायलर) | एस-3 | |
| 16 | ऑपरेटर (अग्नि) | एस-3 | लिखित परीक्षा और/या ट्रेड परीक्षा तथा शारीरिक सहनशक्ति परीक्षा |
| 17 | लेखा सहायक | एस-3 | लिखित परीक्षा और/या कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा |
| 18 | व्यापार सहायक | एस-3 | |

***<u>टिप्पणी</u> :***

***1. ट्रेड टेस्ट/कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा/अनुवाद परीक्षा/शारीरिक सहनशक्ति परीक्षा अर्हकारी होगी।***

***2. लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम गेल की बेबसाईट पर उपलब्ध होगा।***

10.8 अभ्यर्थियों के पास हिंदी या अंग्रेजी में लिखित परीक्षा देने का विकल्प होगा।

10.9 लिखित परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे और कुल अंक 100 होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक होगा और गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे।

10.10 लिखित परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी।

10.11 लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कुल निर्धारित अंक अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस पद के लिए 40%, ओ.बी.सी. (एनसीएल) पद के लिए 35% और अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी. पद के लिए 30% होंगे ।

10.12 लिखित परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने से अभ्यर्थी को आगे की प्रक्रिया अथवा अंतिम चयन प्रक्रिया में विचार करने के लिए चयन हेतु कोई अधिकार या दावा प्राप्त नहीं होगा, क्योंकि यह पदों की संख्या, लागू अनुपात और संबंधित श्रेणी में प्रासांगिक प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

10.13 किसी भी स्थिति में लिखित परीक्षा की पुनः जांच/पुनर्मूल्यांकन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी ।

10.14 लिखित परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने पर शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में (आरक्षित पदों की संख्या को ध्यान में रखते हुए) कौशल परीक्षा देनी होगी ।

10.15 कौशल परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट में अंतिम स्थान के लिए लिखित परीक्षा में अंकों के बराबर होने की स्थिति में, ऐसे सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, भले ही कुल संख्या निर्धारित अनुपात से अधिक हो।

10.16 कौशल परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के संबंधित विभाग के तकनीकी कौशल/दक्षता/शारीरिक योग्यता/ अनुवाद दक्षता/ कम्प्यूटर दक्षता परीक्षण का मूल्यांकन किया जाएगा ।

10.17 केवल कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए अभ्यर्थियों के लिए ही लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेणी-वार मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी ।

10.18 कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अनारक्षित / ईब्ल्यूएस पद के लिए 40 %, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) पद हेतु 35% तथा अ.जा. / अ.ज.जा. /पीडब्ल्यूबीडी पद हेतु 30 % कुल कट-ऑफ अंक होंगे।

10.19 कौशल परीक्षा में उतीर्ण लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त न करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट से कार्य-भार ग्रहण न करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध प्रतीक्षा सूची में रखा जा सकता है।

10.20 सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, जो अभ्यर्थी 40% या उससे अधिक दिव्यांग हैं, यदि वे चाहें तो, अपनी ओर से उत्तर देने के लिए अपने स्वयं के स्क्राइब का चयन कर सकते हैं, बशर्ते कि वे परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय ऐसी दिव्यांगता के संबंध में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। सभी दिव्यांग अभ्यर्थियों को 30 मिनट (परीक्षा की सामान्य अवधि के अतिरिक्त) का "प्रतिपूरक समय" प्रदान किया जाएगा । गेल की वेबसाइट पर एक स्क्राइब घोषणा पत्र उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे डाउनलोड करके भरना होगा और परीक्षा के दिन एडमिट कार्ड के साथ लाना होगा ।

10.21 भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों, यदि उपयुक्त पाए जाते हैं, तो क्षैतिज आरक्षण नीति के आधार पर मेरिट लिस्ट (श्रेणी के भीतर योग्यता क्रम में) में उनके स्थान पर ध्यान दिए बिना आरक्षित रिक्ति के लिए विचार किया जाएगा ।

10.22 चयन प्रक्रिया उक्त उल्लिखित अनुसार होगी। तथापि, कंपनी की प्रशासनिक/व्यापारिक अपेक्षाओं/भारत सरकार के निर्देशों/महामारी की स्थिति के आधार पर इसमें परिवर्तन हो सकता है ।

10.23 **सामान्यीकरण:**

यदि एक पद के लिए लिखित परीक्षा कई पारियों में आयोजित की जाती है, तो ऐसे पद पर लिखित परीक्षा के सामान्यीकृत अंक का उपयोग किया जाएगा। सामान्यीकरण की पद्धति गेल द्वारा निर्धारित की जाएगी और यह सभी मामलों में अंतिम होगी ।

10.24 **परीक्षा केंद्र: -** ऑनलाइन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र के रूप में शहर को वरीयता देनी होगी और तत्पश्चात् किसी भी परिस्थिति में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा । तथापि, गेल किसी भी परीक्षा केंद्र को आवंटित करने, रद्द करने या किसी केंद्र को जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है । परीक्षा केंद्र के विकल्प हैं - **दिल्ली - एनसीआर, लखनऊ, अहमदाबाद, भोपाल, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई** ।

10.25 पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का मोड, आंशिक या पूर्ण रूप से चयन प्रक्रिया को रद्द करना, आदि से संबंधित सभी मामलों पर सभी अभ्यर्थीयों के लिए प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

11. **अन्य नियम एवं शर्तें तथा सामान्य निर्देश**

11.1 **केवल 18 वर्ष की आयु से अधिक के भारतीय नागरिक** ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

11.2 अभ्यर्थी कृपया यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन के सभी पात्रता मानदंडों और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और उनके द्वारा ऑन-लाइन आवेदन में प्रस्तुत विवरण और तत्पश्चात् उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज (ऊपर उल्लिखित खंड 8.8 के अनुसार) सभी तरह से सही हैं । **चयन प्रक्रिया में प्रवेश का अर्थ यह नहीं है कि गेल (इंडिया) लिमिटेड अभ्यर्थी की पात्रता से संतुष्ट है । यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों में से किसी मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है, और/ या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी भी तथ्य या सामग्री को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के पश्चात भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाओं को तत्काल समाप्त कर दिया जाएगा ।**

11.3 **ऑनलाइन पंजीकरण के समय अभ्यर्थी द्वारा दर्ज किया गया विवरण अंतिम है । आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपना नाम, जैसा कि एसएससी/ मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में उल्लिखित है, के अनुसार दर्ज करना होगा।** इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक पते/ ईमेल आईडी/ श्रेणी/ पदों के परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

11.4 **अभ्यर्थियों के पास एक वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए ।** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए ईमेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने के लिए) को सक्रिय रखें । एक बार दर्ज करने के बाद ईमेल आईडी में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा । **अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा ।** चयन प्रक्रिया में भाग लेने के बारे में सभी सूचना/ जानकारी ऑनलाइन आवेदन डाटा और दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी । सूचना/ जानकारी आदि को प्राप्त करने और डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । गेल अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजे गए ई-मेल के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

11.5 पद के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा भरी गई **श्रेणी [सामान्य/ ईडब्ल्यूएस/ अ.जा./ अ.ज.जा./ ओ.बी.सी (एनसीएल)/ पीडब्ल्यूबीडी]** को अंतिम माना जाएगा । एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद न तो कोई परिवर्तन किया जाएगा और न ही बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ देय होगा ।

11.6 **"क्रीमी लेयर"** के ओ.बी.सी. के अभ्यर्थी, ओ.बी.सी. से संबंधित छूट के लिए पात्र नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में दर्शाना होगा ।

11.7 केवल ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी ही आरक्षण/छूट का लागू लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे जिनकी संदर्भित दिव्यांगता 40% से कम नहीं है। दिव्यांगजनों के लिए लागू आरक्षण/छूट के लाभ का दावा करने के लिए, अभ्यर्थियों को उनके दावे के समर्थन में दिनांक 15.06.2017 को जारी अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 591(ई.) के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा । यदि अभ्यर्थी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा ।

11.8 **अ.जा./ अ.ज.जा.** श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा । यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा ।

11.9 **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना **नवीनतम** जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में ओबीसी (एनसीएल) प्रमाण-पत्र में इंगित जाति और समुदाय का नाम प्रदर्शित होना चाहिए। यदि भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अभ्यर्थी अपना नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि ओबीसी (एनसीएल)

अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है तो उन्हें यह उल्लेख करते हुए एक वचन-पत्र देना होगा कि वे चयन प्रक्रिया में भाग लेने के समय ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं।

11.10 **ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी** के तहत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपना नवीनतम आय और संपत्ति प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप के अनुसार) प्रस्तुत करना चाहिए। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-स्था. (आरक्षण) दिनांक 31.01.2019 में दिए गए हैं। **सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए वैध होना चाहिए और वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए आय और संपत्ति सत्यापन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।** ऐसे उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के समय 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा (यदि शॉर्टलिस्ट किया गया हो)। उक्त तिथि से परे आय और संपत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्तुतिकरण के लिए समय विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। **इसके अलावा, चयन प्रक्रिया के बाद के चरण में श्रेणी परिवर्तन के उनके अनुरोध पर भी विचार नहीं किया जाएगा।**

11.11 सशस्त्र बलों से ऐसे उम्मीदवार, जो सशस्त्र बलों से रिलीज/सेवानिवृत्त/डिस्चार्ज हो चुके हैं और एक भूतपूर्व सैनिक के रूप में अर्हता प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें **एक वचनपत्र {भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत सिविल पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा दिए जाने वाले वचनपत्र फॉर्म} को विधिवत रूप से जमा करना आवश्यक है** जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि उन्होंने दस्तावेज़ सत्यापन के समय अपने आवेदन के साथ इस नियुक्ति से पहले नागरिक पक्ष में कोई नियुक्ति प्राप्त नहीं की है।

11.12 ओबीसी (एनसीएल)/ अ.जा./ अ.ज.जा./ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी के लिए निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड करने के लिए, कृपया गेल के कैरियर लिंक (https://gailonline.com/CRcurrentSCformdownload.html) 'करियर' खंड पर उपलब्ध प्रासंगिक लिंक "अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करें" पर क्लिक करें।

11.13 अभ्यर्थी जो स्थानीय रोजगार कार्यालय(यों) के साथ पंजीकृत हैं और निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, जिनके नाम इस अधिसूचना के संबंध में गेल (इंडिया) लिमिटेड को प्रायोजित हैं, **उन्हें गेल के भर्ती पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है। इस संबंध में आवेदन के किसी अन्य तरीके पर विचार नहीं किया जाएगा।**

11.14 वर्तमान में केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय/ राज्य सार्वजनकि उपक्रम या अर्ध-सरकारी संगठन में कार्यरत अभ्यर्थी अपने आवेदन को उचित माध्यम से अग्रेषित करेंगे या चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि अभ्यर्थी का आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किया जाता है या अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो

उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा एवं ऐसे अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

11.15 गेल को न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने का अधिकार है। गेल को कोई नोटिस दिए बिना या कोई कारण बताए बिना भर्ती/चयन प्रक्रिया में उपर्युक्त सभी पदों या किसी भी पद को भरने या न भरने या रद्द करने/ प्रतिबंधित करने/ बढ़ाने/ संशोधित करने/ परिवर्तन करने का अधिकार है।

11.16 **निर्धारित योग्यता / अनुभव के मानदंड न्यूनतम हैं तथा मात्र उसे धारित करने से अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु हकदार नहीं होगा। इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।**

11.17 **लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।**

11.18 चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की सूची और उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची को यथासमय अभ्यर्थियों की सूचना के लिए गेल की वेबसाइट (https://gailonline.com/CRShortlist.html) पर प्रदर्शित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को नवीनतम अपडेट के लिए गेल की वेबसाइट (https://gailonline.com/CRApplyingGail.html) को देखते रहने की सलाह दी जाती है।

11.19 उपर्युक्त विज्ञापन में किसी भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार, आदि को केवल गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "करियर" खंड में अपलोड किया जाएगा: और अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि स्पष्टीकरण के लिए गेल वेबसाइट (https://gailonline.com/CRApplyingGail.html) पर विज्ञापन के तहत होस्ट किए गए प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) देखें।

11.20 अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सिफारिश किए जाने से उसकी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी। इस विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद को केवल **दिल्ली उच्च न्यायालय** के क्षेत्राधिकार में ही निपटाया जाएगा।

11.21 **विज्ञापन की व्याख्या के संबंध में किसी भी प्रकार का संदेह उत्पन्न होने पर हिंदी संस्करण के स्थान पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**

11.22 महत्वपूर्ण तिथियां

| क्र. सं. | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | **अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण आरंभ करने की तिथि** | **दिनांक 08.08.2024 (11.00 बजे से)** |

| | | |
|---|---|---|
| **2** | **अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि** | **दिनांक 07.09.2024 (18.00 बजे तक)** |

**योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र अलग से जारी किया जाएगा।**

12. **महत्वपूर्ण अनुदेश**

12.1 ऑनलाइन आवेदन केवल आवेदन शुल्क प्राप्त होने पर (लागू अनुसार) और स्व-अभिप्रमाणित फोटोग्राफ और उपर्युक्त खंड 8.3 में उल्लिखित दस्तावेजों के अपलोड करने पर ही प्रस्तुत किया गया माना जाएगा।

12.2 अभ्यर्थियों को पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें (लागू अनुसार) और ऑनलाइन आवेदन को उसके जमा करने की अंतिम तिथि से पहले अग्रिम रूप से जमा करें ताकि इंटरनेट पर हैवी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने के दौरान डिसकनेक्शन/ अक्षमता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

12.3 गेल(इंडिया) लिमिटेड एतद्द्वारा आम जन को सतर्क करता है कि वे संदिग्ध एजेंसियों/ संगठनों/ व्यक्तियों/ लोगों के बहकावे में न आएं जिनका उद्देश्य मासूम लोगों से पैसा हड़पना होता है। ई-मेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से परिचालित गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी विज्ञापन / नौकरी की घोषणा पर विश्वास न करें। कृपया गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी नौकरी/ करियर संबंधी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.gailonline.com पर अपलोड की गई जानकारी पर ही विश्वास करें।



